राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक–6, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,
ओटीएस पुलिया के सामने, जयपुर–302017
दूरभाषः 0141–2715547, 2715538 E-mail: modelschoolest@gmail.com

क्रमांक : रा.स्कूल.शि.प / जय / एम.एस. / विविध–217 / 14610 दिनांक : 09.09.2020

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक,
समस्त जिले।

विषयः– स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालयों व महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों में ऑनलाईन कक्षाओं का संचालन करने के क्रम में।

राज्य में संचालित स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालयों व महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों में कोविड–19 को ध्यान में रखते हुए समय सारणी बनाकर ऑनलाईन कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित किया जावे। ऑनलाईन कक्षाओं के संचालन के अंतर्गत निम्न निर्देशों की पालना की जावे :–

1. विद्यालयों में नियमित रूप से ऑनलाईन कक्षाओं का संचालन किया जाना सुनिश्चित करें।
2. ऑनलाईन कक्षाओं का संचालन विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम के अनुसार समय सारणी बनाकर किया जावे।
3. कक्षाओं का संचालन विद्यार्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सरल एवं सुगम तरीके से किया जावे।
4. संस्थाप्रधान द्वारा ऑनलाईन कक्षाओं के लिए प्रत्येक विद्यार्थी को जोड़ना सुनिश्चित किया जावे।
5. विषय अध्यापकों द्वारा नियमित रूप से ऑनलाईन कक्षाएं ली जावे तथा विद्यार्थियों को गृह कार्य भी दिया जावें
6. संस्थाप्रधान एवं विषय अध्यापक प्रतिदिन 10–10 अभिभावकों / विद्यार्थियों को फोन करना सुनिश्चित करें।
7. ऑनलाईन कक्षाओं के माध्यम से पढ़ाये गये पाठ्यक्रम की प्रगति रिपोर्ट को संधारित किया जावे तथा प्रत्येक 15 दिवस में संस्थाप्रधान द्वारा यह रिपोर्ट जिला कार्यालय व परिषद् मुख्यालय को प्रेषित की जावे।
8. ऑनलाईन कक्षाओं में सभी विषयों को शामिल किया जाना सुनिश्चित करे।
9. विषय अध्यापक ऑनलाईन कक्षाओं के लिए विद्यालय में पाठ्य सामग्री तैयार करना सुनिश्चित करें।
10. अति. जिला परियोजना समन्वयक को मॉडल विद्यालयों में ऑनलाईन कक्षाओं के संचालन हेतु नोडल अधिकारी नामित किया जाता है।

उक्त बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए ऑनलाईन कक्षाओं का संचालन किया जावे, जिससे विद्यार्थी नियमित रूप से ऑनलाईन पढ़ाई से लाभान्वित हो सके।

संलग्न :– निरीक्षण प्रपत्र

9/9/20
(एम.आर.बागड़िया)
अति. राज्य परियोजना निदेशक–I

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निजी सहायक, आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक, रा.स्कू.शि.प., जयपुर।
2. निजी सहायक, अति.राज्य परियोजना निदेशक, रा.स्कू.शि.प., जयपुर।
3. अति. जिला परियोजना समन्वयक, समसा, समस्त जिले को देकर लेख है कि मॉडल विद्यालयों व महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों में ऑनलाईन कक्षाओं का संचालन किया जाना सुनिश्चित करें तथा साथ ही निर्धारित प्रपत्र में सूचना संकलित कर परिषद् कार्यालय को अवगत कराया जाना सुनिश्चित करे।
4. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को देकर लेख है कि ऑनलाईन कक्षाओं की सघन मॉनिटरिंग करना सुनिश्चित करें।
5. संस्थाप्रधान, स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल व महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय समस्त ब्लॉक को देकर लेख है कि विद्यार्थियों के लिए समय सारणी बनाकर ऑनलाईन कक्षाओं का आयोजन करें तथा प्रतिदिन विषय अध्यापकों से ऑनलाईन कक्षाओं के लिए कन्टेंट तैयार करवाना सुनिश्चित करें।
6. रक्षित पत्रावली ।

उपायुक्त–प्रथम

www.rajsevak.com

मॉडल विद्यालयों व महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों में ऑनलाईन कक्षाओं के संचालन हेतु निरीक्षण प्रपत्र

क्र.सं.	जिला	ब्लॉक	कक्षा	विषय	समय	कुल विद्यार्थी	ऑनलाईन कक्षा से लाभान्वित विद्यार्थियों की संख्या	क्या विद्यालय के सभी विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं ?	समय सारणी का निर्माण किया गया	शिक्षकों द्वारा कन्टेंट तैयार किया जा रहा है
								हाँ/नहीं	हाँ/नहीं	हाँ/नहीं
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11

www.rajsevak.com